साइबर ठगी के 1.75 लाख रुपये वापस

फर्जी व्हाट्सएप लिंक से उड़े थे 6.50 लाख, साइबर थाने की कारवाई से मिली राहत



हाजीपुर (आससे)। साइबर ठगों द्वारा ठगी गई राशि में से 1,75,212 रुपये पीड़ित को वापस कराए गए। साइबर डीएसपी सह थानाध्यक्ष चांदनी सुमन ने बुधवार को पीड़ित ललितेश्वर प्रसाद को चेक सौंपा।

मामला हाजीपुर के दामोदर नगर सेक्टर-ए, अटलपुर निवासी ललितेश्वर प्रसाद से जुड़ा है। उनके खाते से फर्जी व्हाट्सएप लिंक के माध्यम से साइबर ठगों ने 6,50,000 रुपये की ठगी कर ली थी। इस संबंध में साइबर थाना कांड संख्या 45/25 दर्ज किया गया था।

साइबर थाना वैशाली ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंक और तकनीकी माध्यम से समन्वय स्थापित किया। लगातार प्रयासों के बाद ठगी गई राशि में से 1,75,212 रुपये वापस कराए गए। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अनजान लिंक पर क्लिक न करें और किसी भी संदिग्ध मैसेज से सतर्क रहें। साइबर ठगी होने पर तुरंत 1930 या साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराएं।

दहेज प्रताड़ना में पति समेत छह पर प्राथमिकी

हाजीपुर। दहेज मे बाइक नहीं मिलने पर विवाहिता से मारपीट का मामला सामने आया है। राजापाकर उत्तरी पंचायत के भाथादासी गांव निवासी सोनी कुमारी ने पति समेत छह लोगों के खिलाफ राजापाकर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी रामपुर बरामदास निवासी विकास कुमार से हुई थी। शादी में पिता ने पांच लाख रुपये और सामान दिया था। शादी के दिन बाइक नहीं मिलने पर पति ने हंगामा किया था। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद ही पति विकास कुमार, ससुर वीरचंद्र सिंह, राजेश कुमार, सास मीन्टर देवी, चंचल कुमारी और माया देवी दहेज में बाइक के लिए प्रताड़ित करने लगे। करीब तीन माह बाद उसे मायके भेज दिया गया। पंचायती के बाद वह ससुराल लौटी और पति के साथ सिलीगुड़ी चली गई, जहां भी मारपीट जारी रही। 21 सितंबर को खाने में नमक अधिक होने की बात पर ससुर ने गाली-गलौज कर मारपीट की और बाल पकड़कर घर से बाहर निकाल दिया। साथ ही दो लाख के गहने-कपड़े छीन लिए। पुलिस जांच में जुटी है।

गैलेंट्री अवार्ड पाये दो सिपाही बने एएसआई

वैशाली पुलिस के जवानों को वीरता के लिए मिला सम्मान, एसएसपी ने कंधे पर लगाया स्टार



हाजीपुर (आससे)। वैशाली पुलिस के दो जवानों को वीरता के लिए गैलेंट्री अवार्ड मिलने के बाद पदोन्नति दी गई है। सिपाही संख्या 111 अक्षय कुमार और सिपाही संख्या 1212 दुर्गेश कुमार यादव को सहायक पुलिस अवर निरीक्षक के पद पर प्रोन्नत किया गया है।

बुधवार को वरीय पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा और पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित) ने दोनों नवपदोन्नत अधिकारियों के कंधे पर स्टार लगाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

दोनों सिपाहियों को यह सम्मान उनके साहसिक और वीरतापूर्ण कार्यों के लिए प्रदान किया गया है। पुलिस सेवा में असाधारण साहस दिखाने वाले जवानों को गैलेंट्री अवार्ड दिया जाता है। एसएसपी शुभांक मिश्रा ने कहा कि यह वैशाली पुलिस के लिए गर्व का विषय है। दोनों अधिकारियों की कर्तव्यनिष्ठा, वीरता और समर्पण अन्य पुलिसकर्मियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। इस उपलब्धि से पुलिस बल का मनोबल और बढ़ेगा।

वैशाली के छह प्रखंडों में लगेगा जॉब कैम्प

डीएम वर्षा सिंह के निर्देशन में 'नियोजक आपके द्वार' पहल, सुरक्षा गार्ड के पद पर मिलेगा रोजगार

हाजीपुर (आससे)। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के मार्गदर्शन में वैशाली जिले के छह प्रखंडों में जॉब कैम्प आयोजित किए जाएंगे। युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के तत्वावधान में जिला नियोजनालय द्वारा 'नियोजक आपके द्वार' पहल के तहत इसका आयोजन हो रहा है। इसका उद्देश्य युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराना है। जारी अनुसार 30 लालगंज, 31 महुआ, 2 नवंबर नवंबर को देसरी, 5 और 6 नवंबर को जॉब कैम्प लगेगा। प्रखंड कार्यालय बजे से शाम 4 बजे होंगे। जॉब कैम्प में Security द्वारा सुरक्षा गार्ड के 150 पदों पर भर्ती की जाएगी। अभ्यर्थियों की आयु सीमा 19 से 40 वर्ष निर्धारित है। चयनित युवाओं को 14 हजार से 25 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन मिलेगा। शैक्षणिक योग्यता व अन्य शर्तों की जानकारी नियोजक से ली जा सकती है। इच्छुक युवा निर्धारित तिथि पर पहुंचकर अवसर का लाभ ले सकते हैं। जानकारी के लिए जिला नियोजनालय, हाजीपुर से संपर्क किया जा सकता है।



18 वर्षीय युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत

हरसिद्धि (आससे)। थाना क्षेत्र के अहिरटोली वार्ड संख्या छह में मंगलवार की मध्य रात्रि एक 18 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गयी। युवक का शव उसके घर में फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान मोतीलाल साह के पुत्र अनिल कुमार (18) के रूप में हुई है। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, युवक की मौत की खबर मिलने के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गयी। घटना की सूचना मिलने पर हरसिद्धि थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसे लेकर पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है।

छात्र-छात्राओं को दिया गया कचरा प्रबंधन का प्रशिक्षण

महुआ (आससे)। महुआ प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुकसूदपुर ताज में बुधवार को कचरा प्रबंधन को लेकर बच्चों के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को कचरे को अलग-अलग करने और उसके सही निस्तारण के तरीके का अभ्यास कराया गया।



विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशर्फी दास ने बच्चों को स्वच्छता और कचरा प्रबंधन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखना बेहद जरूरी है। गीले कचरे से जैविक खाद बनाई जा सकती है, जबकि सूखे कचरे को रीसाइकिल किया जा सकता है। बच्चों को अपने घर और विद्यालय परिसर को साफ-सुथरा रखने की शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान शिक्षकों ने बच्चों को डस्टबिन के उपयोग, प्लास्टिक से होने वाले नुकसान और पर्यावरण संरक्षण के बारे में बताया। बच्चों ने भी उत्साह के साथ कचरा प्रबंधन का अभ्यास किया और विद्यालय परिसर में साफ-सफाई की। कार्यक्रम में शिक्षक विकास नारायण, सुनील कुमार, संदीप कुमार, ज्योति प्रसाद, अनिशा कुमारी, निशा कुमारी, फरजाना अब्बास, रेणु कुमारी सहित अन्य शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे। प्रधानाध्यापक ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में बचपन से ही स्वच्छता की आदत विकसित होती है और वे समाज में स्वच्छता के दूत बनते हैं।

सोनपुर मंडल में कर्मचारियों और प्रशासन के बीच संवाद से बनेगी बेहतर कार्य संस्कृति

स्थायी वार्ता तंत्र की तीसरी बैठक में 65 मुद्दों पर चर्चा, 29 का हुआ समाधान

हाजीपुर (आससे)। पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल में कर्मचारियों और प्रशासन के बीच समन्वय को मजबूत करने के उद्देश्य से बुधवार को मंडल कार्यालय स्तिथ सभागार मे स्थायी वार्ता तंत्र (पीएनएम) की तीसरी बैठक आयोजित की गई। मंडल कार्यालय के सभागार में मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कर्मचारी संगठनों ने अपनी समस्याओं और मांगों को खुलकर रखा। बैठक के दौरान कुल 65 मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। इनमें कार्यस्थल की सुविधाएं, कर्मचारियों के हित, कल्याणकारी योजनाएं और ड्यूटी से जुड़े महत्वपूर्ण विषय शामिल थे। रेल प्रशासन ने 29 मुद्दों का समाधान बैठक में ही कर दिया, जबकि शेष मुद्दों पर जल्द समाधान का आश्वासन दिया गया। मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना प्रशासन की प्राथमिकता है। आपसी संवाद से ही कार्य प्रणाली को अधिक सुगम और बेहतर बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि रेलकर्मी रेल की रीढ़ हैं, उनकी संतुष्टि से ही सुरक्षित और सुचारू रेल परिचालन संभव है। बैठक में अपर मंडल रेल प्रबंधक सुमन कुमार तांती, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी दिलीप कुमार सहित मंडल के सभी शाखा अधिकारी उपस्थित रहे। कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी अपने सुझाव दिए। सोनपुर मंडल प्रशासन ने स्पष्ट किया कि वह कर्मचारी हितों के संरक्षण, पारस्परिक संवाद और सहयोगात्मक कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। नियमित रूप से ऐसी बैठकें आयोजित कर समस्याओं का समाधान किया जाता रहेगा।



माकपा का जत्था 30 को दिल्ली रवाना होगा

हाजीपुर (आससे)। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) वैशाली जिला कमेटी की बैठक मंगलवार को हाजीपुर के रामभद्र स्थित एडवा सदस्य नम्रता सिन्हा के आवास पर हुई। अध्यक्षता वरिष्ठ नेता राजेंद्र पटेल ने की।



बैठक में निर्णय लिया गया कि इंडिया ब्लॉक के आह्वान और पार्टी की केंद्रीय व राज्य कमेटी के फैसले के आलोक में जिला एवं विभिन्न प्रखंडों से कार्यकर्ताओं का जत्था 30 अक्टूबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित रैली में शामिल होने के लिए रवाना होगा।

बैठक में जिला सचिव रामाशंकर भारती, बिहार प्रांतीय खेतिहर एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन के जिला सचिव दीनबंधु प्रसाद, अध्यक्ष शिवजी राम, एडवा की जिला सचिव शीला देवी और पार्टी कमेटी सदस्य मोहम्मद शमशाद अहमद सहित अन्य शामिल हुए। नेताओं ने कहा कि यह रैली ऐतिहासिक होगी और देश की जनता के आक्रोश की अभिव्यक्ति होगी। एसआईआर के नाम पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा करोड़ों मतदाताओं का मताधिकार छीनने और लोकतांत्रिक अधिकारों के हनन का आरोप लगाया। नेताओं ने कहा कि यह रैली तानाशाही के खिलाफ निर्णायक होगी और आरएसएस-भाजपा नेतृत्व वाली सामंती-सांप्रदायिक व कॉर्पोरेटपरस्त एनडीए सरकार की उल्टी गिनती शुरू करेगी।

माहवारी स्वच्छता को लेकर छात्राओं को किया जागरूक

महुआ (आससे)। महुआ महिला एवं बाल विकास निगम के तत्वावधान में माहवारी स्वच्छता अभियान के तहत राजकीय मध्य विद्यालय महुआ कन्या में छात्राओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में जिला से आए अधिकारियों ने छात्राओं को माहवारी के दौरान साफ-सफाई, स्वास्थ्य और पोषण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि माहवारी के दौरान स्वच्छता का ध्यान रखना बेहद जरूरी है और इससे जुड़ी भ्रांतियों से बचना चाहिए। कार्यक्रम में आईसीडीएस डीपीओ प्रतिभा गिरी, डीपीएम गौस हैदर अली, डीएमसी मुक्ति श्रीवास्तव, सीए खुशबू कुमारी, केस वर्कर सुरभि कुमारी, डेटा ऑपरेटर कमलेश कुमार उपस्थित थे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ध्रुव कुमार सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं के बीच सेनेटरी पैड, बैग एवं प्रशस्ति पत्र का वितरण किया गया। मौके पर शिक्षक सत्येंद्र कुमार, अमित कुमार, राजेश मिश्रा, रोहित कुमार, कुमार सरोज, संजीव कुमार सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।



समाहरणालय, नवादा
नवादा –805110
(जिला नजारत शाखा)
बिहार सरकार
न्यायालय :– श्री राजीव कुमार, वरीय उप समाहर्त्ता, नवादा
दूरभाष 06324–212253 (कार्या0), 06324–212240 (आवास), 06324–212904 (फैक्स),
email: dm-nawadah.bih@nic.in

बिहार मद्य निषेध और अधिनियम–2016 एवं यथा संशोधित अधिनियम 2021–22 के अंतर्गत जप्त वाहन के मालिक के लिए नोटिस :–

एतद् द्वारा निम्नलिखित वाहन के मालिक को सूचित किया जाता है, कि बिहार मद्य निशेध और उत्पाद अधिनियम–2016 एवं यथा संशोधित अधिनियम 2021–22 के अंतर्गत पुलिस विभाग द्वारा अवैध शराब के परिवहन के आरोप में निम्नलिखित वाहनों को जप्त कर अधिहरण हेतु समर्पित प्रस्ताव के आलोक में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय, नवादा (बिहार) में अधिहरण वाद संधारित है। जप्त निम्नलिखित वाहन का अधिहरण हेतु संचालित वादमें सुनवाई हेतु दिनांक–18.11.2026 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में तिथि निर्धारित की गई है:–

क्रमांक	वाद संख्या	थाना का नाम	थाना कांड संख्या	वाहन का प्रकार	जप्त वाहन का निबंधन सं0/इंजन नं0/चेचिस नं0	वाहन मालिक का नाम
01	02	03	04	05	06	07
01	04/2026	मुकस्सिल	518/25 दिनांक–30.12.2025	बोलेरो	VEHICLE NO:- JH10K9002 ENGINE NO :-GA64F45223, CHESSIS NO-MA1PL2GAK62G34415	श्री विवेक कुमार, पिता–लक्ष्मण मेहता, ग्राम–मसनोडीह, थाना–डोमचाँच, जिला–कोडरमा, (झारखण्ड)–825407

अतएव संबंधित वाहन मालिक को सूचित किया जाता है, कि उक्त वाद में सुनवाई हेतु निर्धारित तिथि को साक्ष्य सहित अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करेंगे।

(राजीव कुमार)
वरीय उप समाहर्त्ता,
नवादा

PR. No. 014343 (District) 2026-27

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।

समाहरणालय, सुपौल
सुपौल–852131
(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)
Email : adss.supaul@gmail.com
बिहार सरकार

अल्पकालीन शुद्धि पत्र

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक–847/सा०सु०को०, सुपौल, दिनांक–16.10.2026 द्वारा अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–PR. No.-014029 (SWD) 2026-27 है, जो दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ है। प्रकाशित सूचना में उल्लेखित "इच्छुक निविदादाता कम्बल (ऊनी) की आपूर्त्ति करने हेतु निविदा–द्वि–लिफाफा प्रणाली में दिनांक 12.11.2026 के अपराह्न 05:00 बजे" प्रकाशित हो गया है, जिसे दिनांक 11.11.2026 के अपराह्न 05:00 बजे पढ़ा जाय। शेश शर्तें यथावत रहेगी।

सहायक निदेशक
जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग
सुपौल

PR- 014388 (Welfare) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

रबी फसलों से बंपर पैदावार का किसानों को दिया मंत्र

महुआ (आससे)। महुआ प्रखंड मुख्यालय के सभागार में वासंतिक (रबी) महाअभियान 2026 के तहत प्रशिक्षण हुआ। इसका आयोजन कृषि विभाग और आत्मा, वैशाली ने किया। किसानों को रबी फसलों की उन्नत खेती, बीज और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने गेहूं, सरसों, मसूर, चना की खेती, बीज उपचार, खाद इस्तेमाल और सिंचाई के तरीके बताए। जैविक खेती, फसल विविधीकरण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और ड्रोन से छिड़काव जैसी तकनीकों पर भी जानकारी दी गई। सरकार सब्सिडी पर बीज, कृषि यंत्र दे रही है। किसानों की समस्याओं का समाधान मौके पर हुआ।



प्रखंड कृषि पदाधिकारी अमर कुमार, तकनीकी प्रबंधक विकास कुमार, कृषि समन्वयक अशोक कुमार गुप्ता, आत्मा अध्यक्ष अजय कुशवाहा, राकेश कुमार सिंह, सभी किसान सलाहकार, मुखिया पति अरुण कुमार राय, शंभु रजक, दीपक कुमार, मिथलेश कुमार सहित कई किसान मौजूद थे। आखिर में तकनीकी पंपलेट और पुस्तिकाएं बांटी गईं।

दिनदहाड़े पर्स से पैसे निकालकर फरार हुई महिला

महुआ (आससे)। महुआ बाजार में दिनदहाड़े चोरी की एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। घटना गांधी चौक स्थित ताज स्टील बर्तन दुकान की है, जहां एक महिला के पर्स से 18,500 रुपये चोरी कर लिए गए। पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित मिलन राय, निवासी कुशहर खास पट्टी, समसपुरा पंचायत ने बताया कि वे मंगलवार दोपहर अपनी पत्नी निर्मला कुमारी के साथ बाजार आए थे। बेटी की शादी के लिए सामान खरीदने के उद्देश्य से उन्होंने कुशहर चौक के पास स्थित एटीएम से 18,500 रुपये नकद निकाले थे। इसके बाद दोनों पति-पत्नी गांधी चौक स्थित ताज स्टील दुकान में बर्तन खरीदने पहुंचे। मिलन राय ने आरोप लगाया कि इसी दौरान एक अज्ञात महिला, जिसने पीली साड़ी पहन रखी थी, उनकी पत्नी का पीछा करते हुए दुकान के अंदर आ गई और उनके बगल में ही बैठ गई। दुकान में भीड़भाड़ का फायदा उठाकर उक्त महिला ने बड़ी ही चालाकी से निर्मला देवी के पर्स से नकद रुपये निकाल लिए। सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि कैसे महिला बैग से पैसे निकालकर चुपचाप दुकान से बाहर निकलकर फरार हो जाती है। कुछ देर बाद जब निर्मला देवी ने अपना पर्स देखा तो उनके होश उड़ गए। पर्स में रखे पैसे गायब थे। घटना के बाद पीड़ित दंपति ने दुकान में शोर मचाया, लेकिन तब तक महिला भीड़ में गायब हो चुकी थी। बुधवार सुबह मीडिया से बातचीत में मिलन राय ने बताया कि बेटी की शादी के लिए बड़ी मुश्किल से जोड़े गए पैसों की चोरी से वे काफी आहत और परेशान हैं। इस संबंध में पीड़ित ने महुआ थाने में लिखित आवेदन देकर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर महिला की पहचान कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



योजना एवं विकास विभाग
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमण्डल बक्सर
बिहार सरकार

पुनः ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 02/2026-27

(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

1. कार्यों की विवरणी (योजना/शीर्ष/मद का नाम) : – सामुदायिक भवन–सह–वर्कशेड निर्माण कार्य अन्तर्गत।

ग्रुप संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख रूपये में)	अग्रधन की राशि (लाख रूपये में)	परिमाण – विपत्र का मूल्य (केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान किया जाना है) (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में)	बीड प्रोसेसिंग शुल्क (केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान किया जाना है) (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में)
01	02	03	04	05	06	07
1	बक्सर प्रखंड अन्तर्गत पंचायत रहसीचक (पाण्डेयपट्टी) के महादलित टोला हुकहों में सामुदायिक भवन–सह–वर्कशेड का निर्माण कार्य। (मौजा – हुकहों, थाना नं0 281, खाता संख्या – 187, खेसरा संख्या – 743, रकबा 7 डी0)	29.66000	0.59400	5000.00	590.00 Or as per online mode	6 माह

2- विज्ञापन निर्गत करने की तिथि : दिनांक –22-10-2026
3- निविदा कागजात अपलोड करने की प्रारम्भीक तिथि एवं समय : दिनांक 17-11-2026 को 10.00 बजे पुर्वाह्न से (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4- प्री बीड़ मिटिंग का स्थान तिथि एवं समय : अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, दिनांक 18-11-2026 को अपराह्न 02.00 बजे से 04.00 बजे तक।
5- निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 21-11-2026 समय 3.00 बजे अपराह्न । (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6- तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 23-11-2026 समय 11.30 बजे पूर्वाह्न (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
7- वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में सूचित किया जायेगा। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
8- निविदा खोलने का स्थान : सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर
9- निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन
10-विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमण्डल बक्सर।

निविदा की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
PR- 014347 (Planning) 2026-27 स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल बक्सर

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

बिहार सरकार
मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग
(राजभाषा)

आमंत्रण

मान्यवर,

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग (राजभाषा) के तत्त्वावधान में **दिनांक– 28 अक्टूबर, 2026 (बुधवार) को पूर्वाह्न 10:00 बजे पंडित मोहन लाल महतो वियोगी (जन्मतिथि–05 नवम्बर) एवं आचार्य बदरीनाथ वर्मा (जन्मतिथि–10 नवम्बर)** का जयन्ती समारोह फणीश्वरनाथ रेणु, हिन्दी भवन, छज्जूबाग, पटना में आयोजित है।

उक्त अवसर पर आप सादर आमंत्रित हैं

एस० एम० परवेज़ आलम
अपर सचिव–सह–निदेशक

अरविन्द कुमार चौधरी
अपर मुख्य सचिव

PR- 014378 (C S D) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।